# आवरण समाचार

## आयुध वस्त्र निर्माणी
### आवडी, चेन्नै

ISO 9001 :2015(QMS) ISO 14001:2015(EMS)
ISO 45001:2018(OHSMS) ISO 50001:2018(EnMS)




**जनवरी-मार्च एवं अप्रैल-जून(संयुक्तांक)** **2024**

## गणतंत्र दिवस समारोह





26 जनवरी 2024 को 75वें "गणतंत्र दिवस" के शुभ अवसर पर महाप्रबंधक, श्री बी.एस.रेड्डी, भा.आ.नि.से ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराया और अपने अध्यक्षीय भाषण में जनसमूह को शुभदिन की बधाई देते हुए कहा कि टीसीएल समूह को मिले वर्कलोड को देखते हुए ओसीएफ आवड़ी ने अपनी रणनीति में सुधार किया है और भारतीय सशस्त्र बलों की वर्तमान आधुनिकीकरण आवश्यकता के अनुरूप गहन और व्यापक अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से हमारी प्रकियाओं और श्रंखलाओं में विविधता लेकर आए हैं और हमारी आर एंड डी टीम ने हाल ही में अत्यंत विकास किया है|

तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, खेल प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों और अधिकारियों को स्मृति-चिहन, कलाई-घडी, नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया । शुभ दिन के लिए सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## नव वर्ष 2024 आयोजन

निर्माणी में नव वर्ष का बड़े हर्षोउल्लास एवं उमंग के साथ स्वागत किया गया | सम्मेलन कक्ष में समस्त यूनियनों, अधिकारियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति में केक काटा गया | महाप्रबंधक, श्री बी.एस.रेड्डी ने सब का संबोधन करते हुए नव वर्ष पर निर्माणी की निरंतर उपलब्धियाँ हासिल करने, वर्क लोड आने की कामना करते हुए सभी के स्वास्थ्य की शुभकामना का संदेश दिया |








नव वर्ष के स्वागत में केक काटकर, वरिष्ठ अधिकारियों का मुंह मीठा कराते हुए महाप्रबंधक, श्री बी.एस.रेड्डी

## पोंगल उत्सव समारोह







दिनांक 13.01.2024 को पहली बार निर्माणी में, पोंगल उत्सव का आयोजन किया गया । इस उपलक्ष्य में प्रशासन ब्लॉक के सामने विभिन्न प्रतियोगिताओं, रंगोली, पोंगल व्यंजन, टग ऑफ वार, लेम्न स्पून रेस आयोजित की गई। सभी अधिकारीगण, स्टाफ एवं औद्योगिक कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओं में बडे हर्षोल्लास के साथ भाग लिया ।

उत्सव के कार्यक्रम का समापन, पुरस्कार वितरण समारोह से किया गया जिसमें नृत्य की प्रस्तुति की गयी और पुरस्कार विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित करके महाप्रबंधक, श्री बी.एस.रेड्डी, भा.आ.नि.से. ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और इसी तरह उत्साह को आगे भी बनाए रखने को कहा और सभी को शुभकामनाएं दी और पोंगल के उत्सव से निर्माणी को सभी सुखद सन्देश मिलने की आशा करने के साथ अपना सन्देश समाप्त किया।

## टी पी एम सप्ताह(हाउसकीपिंग)





नए वित्तीय वर्ष में वर्कलोड के आने के पूर्व, एचआरडी अनुभाग द्वारा निर्माणी में स्वच्छता जागरूकता लाने हेतु "टीपीएम सप्ताह समारोह दिनांक 12.02.2024 से 19.02.2024 तक मनाया गया । इस अवधि के दौरान, प्रतिदिन प्रातः 10.00बजे से 12.00 बजे तक महाप्रबंधक, श्री बी.एस.रेड्डी ने सभी ग्रुप ए अधिकारीगण, रखरखाव अनुभागों के प्रभागीय अधिकारियों एवं अनुभाग प्रमुखों, यूनियन एवं उनके प्रतिनिधिगण की एक टीम के साथ, हाउस्कीपिंग के लिए चिह्नित अनुभागों में जाकर वहां के कार्मिकों के साथ हाउस्कीपिंग गतिविधियां की और कार्मिकों की आवश्यकताओं को सुना एवं उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया|और साथ ही, रखरखाव अधिकारीगणों को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए और उसकी रिपोर्ट देने को कहा।





## परिधान गार्डन

निर्माणी एस्टेट के परिसर में, दिनांक 10.02.2024 को शादी, रिसेप्शन, जन्मदिन बैठकें जैसे पारिवारिक, आधिकारिक समारोह और सार्वजनिक मिलन समारोह के आयोजन हेतु आदरणीय महाप्रबंधक, श्री बी.एस.रेड्डी द्वारा सभी अधिकारियों, यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, जेसीएम और वर्क्स कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में "परिधान गार्डन" का फीता काट कर उद्घाटन किया गया |






फीता काट कर उद्घाटन करते हुए महाप्रबंधक, महोदय, श्री बी.एस.रेड्डी, भा.आ.नि.से.

उद्घाटन के पहले दिन ही, जन्मदिन आयोजन के लिए बुकिंग होने पर, सभी ने शुभ आरंभ पर अत्यंत संतोष व्यक्त किया और परिसर के बगीचे को और अधिक सुंदर बनाने का प्रण लिया|

## राजभाषा निरीक्षण

टी सी एल मुख्यालय, कानपुर द्वारा वर्ष 2023-24 में हुई राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति देखने के लिए "राजभाषा निरीक्षण" दिनांक 07.03.2024 को किया गया । निरीक्षणकर्ता, डॉ.प्रमोद कुमार, उप महाप्रबंधक/एचआर के साथ श्री देव विभूति श्रीवास्तव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने राजभाषा अनुभाग द्वारा निर्माणी में किए गए राजभाषा कार्यान्वयन, विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं समारोहों का शोधन किया और अपनी रिपोर्ट की प्रस्तुति की |



निरीक्षण के समापन पर, निरीक्षणकर्ताओं ने महाप्रबंधक, श्री बी.एस.रेड्डी, भा.आ.नि.से. के साथ निर्माणी की राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में की गयी उपलब्धियाँ तथा चुनौतियों की चर्चा की और राजभाषा अनुभाग द्वारा पीएचपी पर किए गए ऑनलाइन प्रोग्रामिंग, ऑनलाइन रोस्टर, पुस्तकालय, विशेषकर पायथन पर किए गए प्रोग्रामिंग की काफी प्रशंसा की और शेष अप्रशिक्षित स्टाफ को शीघ्र प्रशिक्षित करके लक्ष्य को प्राप्त करने को कहा |



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक 08.03.2024 को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर निर्माणी में औद्योगिक कैंटीन के सभागार में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस मौके पर अपर महाप्रबंधक, श्री डी.कुहन सहित विभिन्न यूनियन, एसोसिएशन, कार्यसमिति के महिला पदाधिकारीगण, सदस्यों एवं निर्माणी के सभी महिला कार्मिकों की उपस्थिति में महाप्रबंधक महोदय,श्रीबी.एस.रेड्डी,भा.आ.नि.से., ने केक काटकर सभी का मुंह मीठा किया ।







## राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह

निर्माणी में संरक्षा वातावरण तथा कार्मिकों में इसके प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से, प्रशासन भवन के सामने लॉन में 04.03.2024 से 11.03.2024 तक 'राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह' मनाया गया । संरक्षा दिवस में सभी को संरक्षा बैज लगाए गए तथा निर्माणी के मुख्य स्थानों पर पोस्टर लगाए गए। कार्मिकों ने तमिल, हिन्दी और अंग्रेजी में संरक्षा प्रतिज्ञा ली गई ।







संरक्षा सप्ताह में, फायर ब्रिगेड अनुभाग के निकट, संरक्षा एवं अग्निशमन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही, संरक्षा सुझाव, नारा और नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई। नाटक में, कार्मिकों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया ।

प्रतियोगिताओं में, विजयी कार्मिकों को महाप्रबंधक महोदय ने पुरस्कार प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया और इसी तरह जागरूकता के लिए आने वाले वर्षों में आयोजन करने की इच्छा व्यक्त की ।









## अंकुर विध्या मंदिर : स्वर्ण जयंती समारोह

डब्ल्यू डब्ल्यू ए द्वारा संचालित निर्माणी के अंकुर विद्या मंदिर विद्यालय के 50 वर्ष होने पर "स्वर्ण जयंती कार्यक्रम" आयोजित किया गया| दो दिवसीय समारोह का दिनांक 15.03.2024 को श्रीमती निधि तिवारी, अध्यक्षा महिला कल्याण समिति एवं श्री वी के तिवारी, भा.आ.नि,से., अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक, ट्रूप कम्फर्टस लिमिटेड, कानपुर ने द्वीप प्रज्जवलित किया और नवीनताम सुविधाओं से युक्त विद्यालय के नवीनतम स्टेज का फीता काटकर उदघाटन किया ।

दिनांक 16.03.2024 को विद्यालय में "अलुमिनै मीट" आयोजित किया गया| कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वन्दना से हुई और तत्पश्चात डब्ल्यू डब्ल्यू ए की उपाध्यक्षा, श्रीमती वीणा रेड्डी द्वारा वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति की गयी| इस उपलक्ष्य में, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजित किया गया जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बाहर से अनेक पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया | धन्यवाद ज्ञापन के साथ काय्रक्रम का समापन हुआ ।







## विशिष्ट अतिथि का आगमन



श्री वी के तिवारी, भा.आ.नि,से., अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक, ट्रूप कम्फर्टस लिमिटेड, कानपुर ने 15.03.2024 को निर्माणी का दौरा किया और दौरे के यादगार पल को संजोए रखने के लिए पौधारोपण किया|




## विशेष हिंदी कार्यशाला

आवड़ी स्थित निर्माणियों में राजभाषा के पत्राचार एवं अन्य द्विभाषी प्रोग्रामिंग को देखने एवं सीखने के लिए दिनांक 23.02.2024 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(पीएसयू), चेन्नै के तत्वावधान में आवड़ी स्थित निर्माणियों द्वारा नराकास(पी एस यू) के सदस्य कार्यालयों के लिए पीएचपी पर "विशेष हिंदी कार्यशाला" एवं अध्ययन दौरा आयोजित किया गया | कार्यशाला का उद्घाटन, एवीएनएल आवड़ी में किया गया |







कार्यशाला में, प्रतिभागियों ने सर्वप्रथम एचवीएफ आवड़ी का दौरा किया और बाद में आयुध वस्त्र निर्माणी का दौरा किया| आयुध वस्त्र निर्माणी के दौरे में, अनुभागों में जाकर पीएचपी प्रोग्रामिंग से किए जाने वाले पत्राचार, निर्माणी आदेश और राजभाषा अनुभाग द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले ऑनलाइन प्रशिक्षण रोस्टर, डाटाबेस, प्रेषण, पुस्तकालय आदि की जानकारी हासिल की| नराकास(पीएसयू) चेन्नै ने राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन देखते हुए काफी प्रसन्नता व्यक्त की ।

## सेवानिवृत्ति विदाई समारोह 2024

प्रत्येक माह के अंत में आयोजित "सेवानिवृत्ति विदाई समारोह" में सेवानिवृत्त **कार्मिकों को शील्ड एवं स्मृति-चिह्न प्रदान करके** उनके परिवार, **पदाधिकारीगण**, सहकर्मियों, कार्य समिति के सदस्यों, यूनियनों और संघों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में महाप्रबंधक, श्री बी.एस.रेड्डी द्वारा उनका अभिनंदन किया गया और उनके सुखी एवं शांतिपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामना की | **कार्मिकों** एवं परिवार जन को अतिथि देवो भव के रूप में औद्योगिक कैंटीन में भोजन देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।




जनवरी 2024



फरवरी 2024




मार्च 2024







## अंबेडकर जयंती समारोह





दिनांक 14 .07. 2024 को भारत रत्न, डॉ .बी आर अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित “अंबेडकर जयंती समारोह” में महाप्रबंधक महोदय, श्री बी.एस.रेड्डी ने सर्वप्रथम डॉ.बी.आर. अंबेडकर की फोटो को माल्यार्पण करके पुष्पांजली दी । उसके बाद उपस्थित अन्य ग्रुप ए अधिकारीगण, विभिन्न यूनियन, एसोसिएशन, कार्य-समिति के पदाधिकारीगण, सदस्यों एवं कार्मिकों ने भी पुष्पांजली दी, तदोपरांत महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय भाषण में भारतीय संविधान बनाने में अंबेडकर जी के उत्कृष्ट योगदान को याद करते हुए उनके द्वारा गरीब और पिछड़े वर्ग की आर्थिक एवं सामाजिक वृद्धि हेतु किए गए संघर्ष का जिक्र किया और पुराने जमाने की धर्म, जाती भेदभावों को जड़ से मिटाकर निर्माणी के सभी लोगों में एकता को बनाए रखने को कहा | धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ |

## क्रिकेट ग्राउंड गैलरी

ओसीएफ खेल परिसर में दिनांक 19.05.2024 को प्रातः 07.30 बजे ओसी एफ, डब्ल्यू डब्ल्यू ए की उपाध्यक्षा, श्रीमती वीणा रेड्डी एवं अन्य सदस्यों अधिकारीगण, प्रभागीय अधिकारीगण, अनुभाग प्रमुखों एवं यूनियन, एसोसिएशन पदाधिकारीगण, कार्य-समिति के सदस्यों एवं कार्मिकों की उपस्थिति में, सुविधायुक्त “नवनिर्मित क्रिकेट ग्राउंड गैलरी” का श्री बी.एस.रेड्डी, महाप्रबंधक द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया|पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचा-खच भर गया और सभी ने क्रिकेट मैच के खिलाड़ियों का बड़े उमंग एवं उत्साह से स्वागत किया |















## अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस







निर्माणी में 10वें "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के उपलक्ष्य में दिनांक 21.06.2024 को वी.के.के.मेनन हॉल में प्रात: 06.30 बजे से 07.30 बजे तक योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

श्री राजकिशोर, संयुक्त महाप्रबंधक ने दीप प्रज्जवल्लित करके सभी अधिकारीगण, कार्मिकों एवं उनके परिजनों, ईशा फाऊंडेशन के योग प्रचारकों/निर्देशकों के सान्निध्य में वी.के.के.मेनन हॉल में योग कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। इस कार्यक्रम में योग के मूल सिद्धांतों एवं योग क्रियाओं, सात्विक भोजन एवं दैनिक दिनचर्या में विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी लाभ के बारे में जानकारी दी गयी।

## सेवानिवृत्त विदाई समारोह

प्रत्येक माह के अंत में आयोजित "सेवानिवृत्ति विदाई समारोह" में सेवानिवृत्त कार्मिकों को शील्ड एवं स्मृति-चिह्न प्रदान करके उनके परिवार, पदाधिकारीगण, सहकर्मियों, कार्य समिति के सदस्यों, यूनियनों और संघों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में महाप्रबंधक, श्री बी.एस.रेड्डी द्वारा उनका अभिनंदन किया गया और उनके सुखी एवं शांतिपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामना की | कर्मी एवं परिवार जन को अतिथि देवो भव के रूप में औद्योगिक कैंटीन में भोजन देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।



अप्रैल 2024



मई 2024



जून 2024

## संपादक मंडल

मुख्य संरक्षक : श्री बी.एस.रेड्डी, महाप्रबंधक

संरक्षक : श्री राजकिशोर , संयुक्त महाप्रबंधक/प्र एवं राजभाषा अधिकारी

मुख्य संपादक : श्री नवीन कुमार पिल्ला, प्रबंधक/एच आर एवं ग्रुप अधिकारी/राजभाषा

संपादक : श्री एस.रमेश विश्वनाथन, क.का.प्र. एवं प्रभागीय अधिकारी

श्रीमती एम.कोटीस्वरी, क.अ.अधिकारी एवं अनुभाग प्रमुख/राजभाषा

सह सपादक : श्रीमती ड्ब्ल्यू जेम, ओ एस /राजभाषा

राजभाषा अनुभाग, आयुध वस्त्र निर्माणी आवडी द्वारा प्रकाशित प्रतिबंधित वितरण हेतु